# जमीन विवाद में पीट-पीट कर युवक की हत्या

## मृतक पूर्व में कलेक्टर, एसपी व टीआई एवं एमपीईबी में किया था फरियाद, मृतक की पत्नी की हालत नाजुक

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 18 अप्रैल। कोतवाली बैढ़न के समीपी संत जोसेफ विद्यालय के पास बिलौंजी में आज शनिवार की सुबह तकरीबन 9 बजे जमीनी विवाद और किराएदार के मामले को लेकर एक युवक की लाठी डंडे से पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। वही मृतक की पत्नी इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गई। जिस उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, लेकिन हालत नाजुक बताई जा रही है।**

स्थानीय लोगों की माने तो पूरी घटना की कहानी मृतक के घर में किराए से रहने वाली एक महिला ने रची है। जबकि राजेश शाह मृतक घटना के पूर्व कोतवाली टीआई को पूरी घटनाक्रम की जानकारी दे चुका था, इसके बावजूद पुलिस ने शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की। अगर समय रहते कार्रवाई की गई होती तो आज इतनी बड़ी घटना घटित न होती। पुलिस सूत्रों और स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राजेश शाह पिता शिव प्रसाद शाह उम्र 30 वर्ष निवासी खोखरी, हाल मुकाम बिलौंजी के रूप में हुई है। राजेश शाह का अपने चचेरे भाई महेंद्र शाह से संपत्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। वहीं मृतक के घर में किराए से रह रही रीवा की महिला अरुणा सिंह का भी विवाद चल रहा था। जहां आज शनिवार की सुबह इसी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। जब महेंद्र शाह उसके परिजन तथा किराएदार अरुणा सिंह और उसका बेटा अनीश सिंह सहित अन्य लोगों ने मिलकर राजेश शाह और उसकी पत्नी पूजा शाह पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। आरोप है कि सभी ने एक राय होकर लाठी-डंडों व धारदार हथियार से जमकर मारपीट की, जिससे राजेश की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सीएसपी उमेश प्रजापति और कोतवाली टीआई अशोक सिंह परिहार मौके पर पहुंचे। पुलिस को वहां परिजनों और स्थानीय लोगों के भारी आक्रोश का सामना करना पड़ा। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि उन्होंने पहले ही कोतवाली पुलिस, एसपी एवं कलेक्टर और बिजली विभाग में शिकायतें दर्ज कराई थीं, लेकिन किसी स्तर पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उनका कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने ध्यान दिया होता तो यह घटना टाली जा सकती थी। वहीं इस सनसनीखेज अपराध मामले में छः आरोपियों में से पांच आरोपी मनीष शाह, देवमती शाह, प्रभावती शाह, अरुणा सिंह और अनीश सिंह को हिरासत में ले लिया है, जबकि मुख्य आरोपी महेंद्र शाह फरार है, जिसकी तलाश जारी है।



### बैढ़न के एमपीईबी जेई पर भी दर्ज हो मामला

राजेश शाह की हत्या होने के बाद उसके परिजनों ने जो साक्ष्य दिखाया उपस्थित लोगों को चौंका दिया। क्योंकि 24 मार्च को कलेक्टर और एसपी से राजेश शाह ने शिकायत किया था कि मेरे बिना सूचना के मेरे घर में किराएदार अरुणा सिंह के कहने पर विद्युत विभाग के बैढ़न जेई ने कनेक्शन करवाया है। मृतक के परिजनों ने कहा कि जेई ने कहा था कि जाओ जहां जाना हो, जब हम चाहेंगे तभी कनेक्शन कटेगा। शायद यही वजह थी कि बिजली विभाग के यहां शिकायत करने के बावजूद बिजली का कनेक्शन नहीं काटा था। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और इसी मामले के चलते हत्या हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि एमपीईबी जेई के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाए।

### कोतवाली पुलिस ने अरुणा का किया सहयोग

स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि राजेश शाह के घर में एक रीवा की महिला अरुणा सिंह जबरन रह रही थी और राजेश को परेशान करती थी। किराया मांगने पर घर का किराया नहीं देती थी। जब किराए की मांग करता था तो फसाने की धमकी देती थी। जिसकी शिकायत मृतक राजेश शाह ने पूर्व में कोतवाली पुलिस और एसपी से की है, यहां तक कि कलेक्टर के जनसुनवाई में भी यह मामला पूर्व में पहुंच चुका था। कई दफा शिकायत करने के बाद भी कोतवाली पुलिस उक्त महिला के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। घटना कारित होने के बाद आक्रोशित परिजनों ने आरोप लगाया कि कोतवाली पुलिस और टीआई किराएदार महिला का पक्ष लेते थे। यही वजह थी कि महिला किसी से नहीं डरती थी और आज यह घटना घटित हो गई।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र के डकैतों पर 50 हजार का इनाम घोषित

## सिंगरौली के बैढ़न में पहुंच कर डीजीपी ने किया ऐलान

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 18 अप्रैल। कोतवाली बैढ़न क्षेत्र स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र शाखा में हुई दिनदहाड़े डकैती ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। 17 अप्रैल की दोपहर करीब 12:50 बजे हथियारबंद अज्ञात बदमाश बैंक में घुस गए और कर्मचारियों व ग्राहकों को डराकर बड़ी वारदात को अंजाम दिया।**



बदमाशों ने बैंक से करीब 6 किलो सोना, जो गोल्ड लोन के तहत रखा गया था तथा 20 लाख रुपये से अधिक नकद लूट लिया। घटना के दौरान बैंक कर्मचारियों के साथ मारपीट भी की गई, जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए म.प्र. के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 50 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। पुलिस ने थाना बैढ़न में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है। तकनीकी साक्ष्यों और सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी गई है। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी को आरोपियों के संबंध में कोई भी जानकारी मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और उसे घोषित इनाम प्रदान किया जाएगा। घटना के बाद क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।

## एक नजर में

### अंबेडकर जयंती पर संगोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिंगरौली।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्ष तथा भारतीय संविधान निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को स्मरण करना और उनके विचारों को जन-जन तक पहुँचाना था। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण से हुआ, जिसे अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सीताराम वर्मा ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सिंगरौली के पूर्व विधायक राम लल्लू वैश्य एवं अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने की।

### माखन चोरी और गोवर्धन पूजा की हुई महिमा



**सरई।** जिले के नगर परिषद सरई अंतर्गत थाना रोड स्थित वार्ड क्रमांक 4 में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिवस को भक्तिमय वातावरण के बीच भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी माखन चोरी लीला, गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का श्रवण कर भक्ति रस में सराबोर हो उठे। कथावाचिका ने अपने मधुर वाणी में बताया कि किस प्रकार नंदलाल श्रीकृष्ण बाल्यकाल में गोकुल की गलियों में माखन चुराकर सखाओं संग आनंदपूर्वक उसका सेवन करते थे।

# आसमान से बरस रही आग 42 डिग्री पार पहुंचा तापमान

## दिन में लू के थपेड़े, रात में भी नहीं मिल रही राहत

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 18 अप्रैल। ऊर्जानगरी में गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। आज शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 25 डिग्री दर्ज किया गया। आसमान से आग बरसती नजर आ रही है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है, वहीं लोग तेज धूप और गर्म हवाओं से बचने के लिए छायादार पेड़ों और ठंडी जगहों की तलाश में नजर आ रहे हैं।**



गर्मी का असर सिर्फ जिला मुख्यालय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि चितरंगी क्षेत्र में भी तेज गर्मी और लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। सुबह से ही सूरज के तीखे तेवर शुरू हो जाते हैं और दोपहर तक स्थिति बेहद भयावह हो जाती है। बाजारों में चहल-पहल कम हो गई है और लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। चिकित्सकों ने इस भीषण गर्मी को देखते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। डॉक्टरों के अनुसार दोपहर 12 बजे से लेकर 4 बजे तक धूप में निकलने से बचें। अधिक से अधिक पानी, छाछ, नींबू पानी और तरल पदार्थों का सेवन करें, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। हल्के और सूती कपड़े पहनें तथा सिर को ढककर ही बाहर निकलें। विशेषज्ञों का कहना है कि लू से बचाव के लिए धूप में ज्यादा देर तक न रहें, बच्चों और बुजुर्गों का खास ध्यान रखें और किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें। बढ़ती गर्मी को देखते हुए प्रशासन को भी जरूरी इंतजाम करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

# बैंक ऑफ महाराष्ट्र डकैती काण्ड का एक आरोपी बिहार के डेहरी में गिरफ्तार

## डीजीपी भोपाल रवाना, डकैतों को पकड़ने के लिए 10 टीमें अलग-अलग क्षेत्र में रवाना, लचर कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल

**फॉलोअप**

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 18 अप्रैल। बैढ़न के बैंक ऑफ महाराष्ट्र में बीते दिन शुक्रवार की दोपहर हुई करोड़ों रूपये के डकैती के मामले में बिहार प्रांत के डेहरी से एक शातिर बदमाश धराया है, जिसकी पुष्टि कोतवाली पुलिस ने की है। वहीं चार अन्य आरोपियों की तलाश एवं धर पकड़ के लिए 10 पुलिस की टीमे रवाना की गई हैं।**



गौरतलब है कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12:35 से 12:50 के बीच बैढ़न के विंध्यनगर मार्ग स्थित बैंक ऑफ महाराष्ट्र में हथियार लैस बदमाशों ने फिल्मी स्टाईल से धावा बोलकर करीब 10 करोड़ रूपये का सोना एवं 20 से 25 लाख रूपये के कैश बंदूक के नोंक पर उठा ले गये। इस सनसनीखेज वारदात को लेकर डीजीपी कैलाश मकवाना शुक्रवार की रात करीब 11 बजे घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने पूरे घटना की जानकारी लेते हुये पुलिस अधिकारी आईजी व डीआईजी से चर्चा की। सूत्र बता रहे हैं कि इस डकैती काण्ड के एक आरोपी को बिहार के पुलिस ने डेहरी से हिरासत में ली है। हालांकि पुलिस अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नही की है।

### डीजीपी भोपाल रवाना, डकैतों को पकड़ने सख्त निर्देश

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना शुक्रवार की रात करीब 11 बजे रीवा से कार के द्वारा घटनास्थल बैढ़न के बैंक पहुंचे। करीब 30 मिनट तक बैंक के अंदर पहुंच बैंक कर्मियों एवं पुलिस अधिकारियों, डीआईजी, आईजी, एसपी से बातचीत किये, इसके बाद कोतवाली पुलिस पुलिस अधिकारियों की बैठक लिये। इस दौरान डीजीपी ने मीडिया कर्मियों से मुखातिब होते हुये कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए अलग-अलग टीमे गठित की गई हैं, किसी भी हालत में आरोपी बचेंगे नही। इधर आज सुबह डीजीपी भोपाल के लिए रवाना हो गये हैं। वहीं आईजी व डीआईजी देर शाम तक रूके हुये थे। इधर उक्त डकैती काण्ड के बाद शहर के व्यापारी समेत आम नागरिक भी जिले के लचर कानून व्यवस्था को लेकर एसपी के कार्यप्रणाली पर तरह-तरह के सवाल उठा रहे हैं।

# विंध्याचल बना नेशनल क्वालिटी सर्किल कन्वेंशन में राष्ट्रीय चैंपियन

**नवभारत न्यूज**
**विंध्यनगर 18 अप्रैल। एनटीपीसी विंध्याचल ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराते हुए प्रतिष्ठित नेशनल क्वालिटी सर्किल कन्वेंशन में शानदार उपलब्धि हासिल की है।**



एलक्यूसी टीम विंध्य टाइटन्स ने एनटीपीसी में आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर से आई मजबूत टीमों को पीछे छोड़ते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। टीम ने नवाचार, टीमवर्क और समस्या समाधान की उत्कृष्ट क्षमता का प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। यह उपलब्धि विंध्याचल की गुणवत्ता संस्कृति और संचालन उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विजेता टीम में साजिद नेजाम वरिष्ठ सहायक इंजीनियर, ऑपरेशन, शिवम वर्मा ईटी, प्रचालन, महेश कुमार इंजीनियर, प्रचालन, पंकज चौधरी कनिष्ठ इंजीनियर, प्रचालन, आर्यन गौंड कनिष्ठ इंजीनियर, वीएसआर ओवर हालिंग तथा जगदीश कुमार मीना कनिष्ठ इंजीनियर प्रचालन शामिल रहे। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही टीम विंध्य टाइटन्स अब एनटीपीसी व भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंच पर करेगी।

# अम्बेडकर चौक में बीच सड़क पर शराबखोरी

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 18 अप्रैल। जिला मुख्यालय बैढ़न के अंबेडकर चौक पर आज शनिवार की सुबह करीब 11 बजे कानून व्यवस्था की स्थिति पर सवाल खड़े करने वाली घटना सामने आई।**



कोतवाली से चंद कदम दूर एक युवक व एक प्रौढ़ व्यक्ति मोटरसाइकिल से पहुंचे और बीच सड़क पर ही बैठकर खुलेआम शराब पीने लगे। हैरानी की बात यह रही कि इस दौरान पुलिस का सायरन भी बजता रहा, लेकिन दोनों पर इसका कोई असर नहीं पड़ा और वे करीब पांच मिनट तक आराम से शराब पीते रहे। इस दौरान सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और जाम की स्थिति बन गई, लेकिन मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी भी स्थिति को नियंत्रित करने में प्रभावी नहीं दिखे।

शराब पीने के बाद ही दोनों युवक वहां से उठकर चले गए, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई।

# कोरसर कोठार के सूने घर में 4 माह के अंदर दूसरी बार हुई चोरी

## नकदी सहित सोने-चांदी के आभूषण को चोरों ने किया पार आरोपी को पकड़ने में चितरंगी पुलिस नाकाम

**नवभारत न्यूज**
**चितरंगी 18 अप्रैल। जिले के चितरंगी थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरसर-कोठार में लगातार हो रही चोरी घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। गरीब परिवारों को निशाना बनाकर चोर बेखौफ वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जबकि पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर पाई है।**



यह ताजा मामला स्व. गिरजा कोइरी की पत्नी सुखवंती कोइरी उम्र 45 वर्ष के घर का है। गिरजा कोइरी का निधन लगभग 6 वर्ष पूर्व हो चुका है, जिसके बाद सुखवंती अपने दो बेटों और तीन बेटियों का पालन-पोषण मुश्किल परिस्थितियों में कर रही हैं। करीब एक वर्ष पूर्व सुखवंती कोइरी की दुकान में अज्ञात लोगों ने आग लगा दी थी। इस घटना की रिपोर्ट चितरंगी थाने में दर्ज कराई गई थी, लेकिन आज तक पुलिस आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा सकी। 17 अप्रैल को एक बार फिर बदमाशों ने सुखवंती कोइरी के सूने घर को निशाना बनाया। चोरों ने दिन में ही ताला तोड़कर घर में घुसकर करीब 16 हजार रुपये नगद और सोने-चांदी के आभूषण पार कर दिए। घटना के समय सुनीता अपने बच्चों के साथ किसी काम से बाहर गई हुई थीं। शाम को जब वह वापस लौटीं तो घर का सामान बिखरा पड़ा था और नगदी व जेवरात गायब थे। जनवरी माह में भी ग्राम पंचायत कोरसर-कोठार निवासी रोशन कोइरी के सूने घर में दिनदहाड़े चोरी की घटना हुई थी। ग्रामीणों का कहना है कि चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे दिन में भी वारदात करने से नहीं डर रहे। ताजा चोरी की घटना की सूचना चितरंगी थाने में दे दी गई है। अब सवाल यह है कि क्या पुलिस इस बार आरोपियों तक पहुंच पाएगी या फिर यह मामला भी फाइलों में दबकर रह जाएगा।

# विधायक ने सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 18 अप्रैल। जिले के विंध्यनगर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।**




कार्यक्रम में क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह विशेष रूप से शामिल हुए और विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर म.प्र. 10वीं बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त करने वाली खुशी कुशवाहा 98.4 प्रतिशत को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनकी इस उपलब्धि को पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया गया। इसके साथ ही विद्यालय के उन सभी विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिन्होंने 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कार्यक्रम में राज्यमंत्री राधा सिंह, ननि अध्यक्ष देवेश पांडेय सहित विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जूनियर रेडक्रॉस का राज्य स्तरीय फर्स्ट एड शिविर आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 18 अप्रैल। भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी म.प्र. राज्य शाखा भोपाल के तत्वाधान में व डीईओ एसबी सिंह के मार्गदर्शन तथा जिला संगठक जूनियर रेडक्रॉस सर्वेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में सिंगरौली जिले का जूनियर रेडक्रॉस दल पचमढ़ी पहुंचकर राज्यस्तरीय एडवेंचर शिविर में सहभागिता किया।**




पांच दिवसीय प्राथमिक सहायता सह एडवेंचर शिविर पहाड़ों की रानी पचमढ़ी के राष्ट्रीय एडवेंचर इंस्टीट्यूट के परिसर में शिविर आयोजित की गई। जिसमें सिंगरौली के भी बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। इस शिविर में प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण, पट्टियां, सीपीआर स्ट्रेचर, रेडक्रॉस की जानकारी के साथ अन्य गतिविधियों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम शिविर विनोद का आयोजन किया गया। उक्त राज्यस्तरीय जुनियर रेडकास एडवेंचर शिविर में ठाकुरलाल सिंह तथा जिला संगठक सर्वेश कुमार द्विवेदी ने पूरे दल के साथ विभिन्न साहसिक गतिविधियों में प्रशस्ति पत्र व मेडल प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है।

# पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला है : सम्पतिया

## प्रभारी मंत्री की उपस्थिति में जिपं सभागार में पंचायत राज में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका पर संवाद कार्यक्रम आयोजित

**नवभारत न्यूज**
**सिंगरौली 18 अप्रैल। जिला की प्रभारी मंत्री सम्पतिया उईके के एवं राज्यमंत्री राधा सिंह के उपस्थिति में जिपं सभागार में सशक्त नारी सशक्त समाज, नारी सम्मान देश का अभिमान, विषय पर पंचायती राज संस्थाओं में महिला जनप्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर विस्तृत संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज व्यवस्था में महिलाओं की भागीदारी को और अधिक सुदृढ़ बनाना तथा उन्हें निर्णय प्रक्रिया में अग्रणी भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित करना रहा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिला सरपंच, पंच एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था ग्रामीण विकास की मजबूत आधारशिला है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो विकास कार्यों में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जनकल्याण की भावना और अधिक प्रभावी रूप से सामने आती है। उन्होंने कहा कि सरपंच के पास वह क्षमता और साहस होता है, जिससे वह अपनी पंचायत के दायित्वों को कुशलतापूर्वक निभा सकती है और आवश्यकता पड़ने पर बड़े स्तर की जिम्मेदारियां भी संभाल सकती है। महिला प्रतिनिधियों को अपने नेतृत्व कौशल का बेहतर उपयोग करते हुए पंचायत के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर राज्यमंत्री राधा सिंह ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक राम निवास शाह, विधायक राजेन्द्र मेश्राम, जिपं सोनम सिंह, ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय, कलेक्टर गौरव बैनल, जिपं सीईओ जगदीश गोमे, जनपद अध्यक्ष देवसर प्रणव पाठक, जनपद अध्यक्ष चितरंगी सिया दुलारी, जिला पंचायत सदस्य सविता प्रजापति सहित अन्य मौजूद रहे।